
## खबर संक्षेप

### आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**मण्डला।** आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गुणात्मकपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं को आम जनता तक पहुँचाने की दिशा में 25 अगस्त को जबलपुर में केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रसाद नड्डा के मुख्य आतिथ्य और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा नरेंद्र शिवाजी पटेल व अन्य मंत्री/सांसद/विधायक और जन प्रतिनिधियों के विशेष आतिथ्य में दो शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों श्योपुर व सिंगरौली का लोकार्पण व 4 नए चिकित्सा महाविद्यालयों के पीपीपी मोड़ पर स्थापना अनुबंध किए गए। जिला चिकित्सालय मंडला में वर्चुअल प्रसारण कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, श्री रानू राजपूत, एसडीएम घुघरी श्री हुनेंद्र घोरमारे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, आरएमओ डॉ. प्रवीण उईके, तहसीलदार श्री पी. पन्द्रो, सहायक प्रबंधक श्री अजय सिंह सैयाम, श्री शरद मेश्राम, श्री अर्जुन सिंह, श्री राजेश डोंगरे, श्री अमन पटेल, श्री अनुज यादव, श्री अंकित नामदेव, श्री युगल पटेल सहित बड़ी संख्या में चिकित्सालय का नर्सिंग पैरा मेडिकल स्टाफ व मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की कमी से जूझ रहे मंडला जिले के स्कूल

# छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में


कार्यालय कलेक्टर मण्डला (म.प्र.)

// आदेश //



*** पोर्टल की तकनीकी जंजीरों में जकड़ी शिक्षा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

**शिक्षा को संविधान में मौलिक अधिकार का दर्जा प्राप्त है, लेकिन मंडला जिले में यह अधिकार तकनीकी विसंगतियों और प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। जिले के कई शासकीय विद्यालय गंभीर रूप से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं, परंतु इसके समाधान की बजाय व्यवस्था और अधिक जटिल बना दी गई है।**

### पोर्टल पर फर्जी आंकड़े

जनजातीय कार्य विभाग के अधीनस्थ विद्यालयों में कई शिक्षक संलग्न (अटैच) होकर अन्य स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं। किंतु उनका वेतन उनके मूल पदस्थापन वाले विद्यालय से जारी होता है, जिससे पोर्टल पर वे पद भरे हुए दिखते हैं। नतीजतन, उन विद्यालयों में रिक्त पद दर्ज नहीं हो रहे और अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

### आयुक्त के आदेशों की खुलेआम अवहेलना

जहाँ एक ओर जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संलग्नीकरण न किया जाए, वहीं मंडला जिले में अधिकारी इन आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। विभागीय ₹सैटिंग₹ और ₹मेहरबानी₹ के आधार पर शिक्षकों को अपनी सुविधा अनुसार स्कूलों में संलग्न किया जा रहा है— भले ही वहाँ शिक्षक पहले से पर्याप्त संख्या में हैं।

### शिक्षकों की भारी कमी, कक्षाएँ जद्दोजहद और जुगाड़ से संचालित

इस अनियमितता का सीधा असर विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। अधिकांश विद्यालयों में शिक्षण कार्य बाधित है। कई स्थानों पर एक या दो शिक्षक पूरे स्कूल को सँभाल रहे हैं। परेशान अभिभावक अब अपने बच्चों की टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाणपत्र) निकलवा कर उन्हें निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने की बात कर रहे हैं।

एक अभिभावक का कहना है- जब स्कूल में शिक्षक ही नहीं हैं, तो बच्चों को वहाँ पढ़ने क्यों भेजें? साल बर्बाद करने से अच्छा है, उन्हें कहीं और पढ़ाएं।

### प्रबंधन की गुहार पर प्रशासन मौन

विद्यालय प्रबंधन द्वारा कई बार समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। जब तक पोर्टल पर वास्तविक रिक्त पद दर्शाए नहीं जाते, तब तक अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति संभव नहीं हो पाएगी। साथ ही, स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना को भी प्राथमिकता नहीं दी जा रही है।

### समस्या के मुख्य बिंदु:

संलग्न शिक्षकों का डेटा पोर्टल पर अपडेट नहीं। पोर्टल पर पद भरे दिखने से अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति बाधित। आयुक्त के आदेशों की अवहेलना। अभिभावकों का स्कूलों से मोहभंग। बच्चों की शिक्षा संकट में।

### आवश्यक मांगें एवं सुझाव

पोर्टल पर संलग्न शिक्षकों का डेटा शीघ्र अपडेट किया जाए। वास्तविक रिक्त पदों की स्वीकृति देकर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की अनुमति दी जाए। संलग्नीकरण की प्रक्रिया पर पूर्ण रोक लगाई जाए। स्थायी शिक्षकों की पदस्थापना को प्राथमिकता दी जाए। यदि शिक्षा विभाग ने अब भी समय रहते सजगता नहीं दिखाई, तो यह संकट किसी एक स्कूल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे जिले की शिक्षा व्यवस्था पर गहरा असर डालेगा। बच्चों का शिक्षा से विश्वास उठना, केवल प्रशासन की ही नहीं, पूरे समाज की विफलता मानी जाएगी।

## उदय चौक के राजा गजपति गजराज का आगमन



*** पुष्पवर्षा आतिशबाजी से हुआ भव्य स्वागत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

गणेश उत्सव का पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर का प्रमुख आकर्षण उदय चौक के राजा भगवान गजराज गजपति का इस वर्ष भी देर रात भव्य स्वागत किया गया। सजावटी लाइटों की जगमगाहट और फूलों की वर्षा के बीच जब गजराज गजपति की प्रतिमा उदय चौक पहुंची तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। भक्तों की भारी भीड़ और युवाओं का उमंग देखने लायक था। देर रात तक चले इस स्वागत समारोह में शहरभर से श्रृद्धालु उमड़े और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। उदय चौक गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि यह आयोजन लगातार 18 वर्षों से किया जा रहा है। समिति हर वर्ष नए आकर्षणों और भावनाओं से भरे कार्यक्रमों के जरिए श्रद्धालुओं को गणेश भक्ति में जोड़ती है। समिति के प्रयासों का ही परिणाम है कि उदय चौक के राजा का गणेश उत्सव न केवल मंडला नगर बल्कि पूरे जिले और जिले से बाहर भी चर्चाओं में रहता है। कोषाध्यक्ष सृजल तिवारी और ने बताया कि इस वर्ष भी पंडाल सजावट और लाइटिंग में विशेष आकर्षण जोड़े गए हैं। श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है ताकि वे आसानी से दर्शन लाभ ले सकें। वहीं के समिति सक्रिय सदस्य रजनीश रज्जन उसराठे, मयंक विश्वकर्मा, सदस्य हिमांशु हनी बर्वे, ऋषभ सिंहा, अमन अग्रवाल, पंकज उसराठे, अर्जुन बरमैया, मयंक विश्वकर्मा, निलेश तिवारी, मृतुंजय तिवारी, हनि बर्वे, निशांत चौरसिया, मोनू चौरसिया, राजेश ताम्रकार, सानू डोंगसरे, असीम अग्रवाल, हिमांश भांगरे, निक्की साहू, सत्यम श्रीवास, गौरव विश्वकर्मा, आयुष बर्वे, निक्की श्रीवास, सागर वर्मा सहित सहित उदय चौंक के राजा गणेशोत्सव समिति के कार्यकर्ता व पदाधिकारी की मुख्य मौजूदगी में भव्य स्वागत किया गया।

## तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन में पहुंची प्रदेश अध्यक्ष सरकारी पर लगाए नाकामी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



आम आदमी पार्टी के द्वारा जनहितकारी मुद्दो को लेकर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था कलेक्ट्रेट मार्ग में 25 अगस्त से 27 अगस्त तक किए गए धरना प्रदर्शन में पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस धरना प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति रानी अग्रवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश वर्मा अपने साथियों के साथ मंडला पहुंचे और कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग है। आजादी के इतने वर्ष होने के बावजूद आज मंडला जिला पिछड़ा हुआ हैं प्रदेश की जनता को आज भी अपनी शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए लड़ाई लडऩी पड़ रही है ये पूरे देश में और प्रदेश में चल रहा है। जिला अस्पताल में हृदय रोग के डॉक्टर नहीं है कितनी बड़ी बात है और जो छोटी मोटी बीमारी जैसे नाक कान गले की इस बीमारी के लिए भी कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं है साथ ही जो जांच की जो मशीन हैं उन्हें संचालित करने के लिए कोई ऑपरेटर नहीं है। अगर एक माह के अंदर व्यवस्था में सुधार नही किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वही मीडिया से संवाद के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी का जब कोई कार्यक्रम होता है तो वह कार्यक्रम का बजट करोड़ों में पहुंच जाता हैं। तो इन सभी की समस्याओं से लडऩे के लिए आम आदमी पार्टी आगे आई हैं क्यों कि हमारे नेता अरविंद केजरीवाल है जो दिल्ली में कार्य करके जनता को दिखाया है। वही आम आदमी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओं के शराबी वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि कहा जाए तो जो भारतीय जनता पार्टी या कांग्रेस की जो सरकारें होती हैं वो भी दोनों एक थाली के चट्टे-बट्टे हैं और कभी इनकी तो कभी उनकी बारी होती है आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि महिला अगर इस संसार में अगर सबसे पहली सृष्टि अगर ऊर्जा हुई है तो देवी की पूजा होती है उन्होंने कहा कि महिलाओं की पूजा होती है तो यह बड़ा बयान बहुत गलत है और ऐसे बयानबाजी नहीं आने चाहिए इनको माफी मांगनी पड़ेगी महिलाओं से कि मैं भी महिला हूं मैं महिलाओं के साथ हूं और उनको आगे आके माफी मांगनी पड़ेगी यह बिल्कुल सरासर ग़लत है तो यह बहुत गलत है और उनको आगे आना पड़ेगा और माफी मांगें। मंडला जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति रानी अग्रवाल के मंडला आगमन पर स्वागत रैली का आयोजन कटरा बायपास से किया गया। प्रदेश अध्यक्ष का नगर के विभिन्न स्थानो में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। आम आदमी पार्टी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से धरना दिया गया था। जिसका समापन प्रदेश अध्यक्ष ने किया इस अवसर पर कार्यकर्ता की बैठक भी आयोजित की गई वहीं जोन प्रभारी स्वर्गीय विवेक सिंग के परिजनों से मिलने प्रदेश अध्यक्ष उनके आवास पहुंची जहां पर विवेक सिंग के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए परिजनों से संवाद किया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष को शॉल पहनाकर परिजनों की ओर से आभार व्यक्त किया। वहीं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हितेन्द्र सिंह चिक्कू ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का घर आगमन और परिजनों से मुलाकात अस्मारणी है। एक छोटे से कार्यकर्ता का घर प्रदेश अध्यक्ष का पहुंचना हम सब के लिए गौरव की बात है। वहीं प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे ने बताया कि आम आदमी पार्टी(आप) भारत में गठित राजनीतिक दल नवंबर 2012 में अरविंद केजरीवाल द्वारा भारत में 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद आम आदमी पार्टी का मुख्यालय नई दिल्ली में है।

## उत्साह से मनाया गया हरितालिका तीज व्रत

*** प्रातः राममंदिर में जुटी भक्तों की भीड़ नदी में हुआ फुहलरे का विसर्जन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



नगर सहित क्षेत्र में हरितालिका तीज का पर्व महिलाओं ने भक्ति भाव से मनाया और अपने पति की लंबी उम्र की भगवान भोलेनाथ से कामना की वही युवतियों ने सुंदर और सुयोग्य वर् के लिए हरतालिका तीज का व्रत रखकर भगवान से प्रार्थना की, रात्रि कालीन फूलों के फुलहरा के नीचे भगवान शिव पार्वती की मट्टी से बनी प्रतिमा बनाकर पंडित के शुद्ध मंत्रोपचार से पूजन कर रात्रि में भजन कीर्तन कर रात जागरण करने के बाद प्रातःस्नान ध्यान के बाद विसर्जन किया, ओर सभी महिलाएं नदी सरोवर जाकर फुलहरा का नदी में विसर्जन किया, आज सुबह भुआ राममंदिर के सामने नगर के समस्त परिवार की महिलाओं ने भक्ति भाव से फुलहरा विसर्जन किया और मंदिर में भगवान के दर्शन कर प्रसाद वितरण किया मंदिर के सामने नदी पर सुबह 6 बजे से लेकर 9 बजे तक फुलहरा विसर्जन का दौर चलता रहा , विसर्जन के पश्चात घर जाकर सुंदर पकवानों से सभी ने अपना व्रत तोडा

आज फिर गोरी पुत्र श्री गणेश के आगमन की तैयारियों में जुट गई आज श्री गणेश जी की हर घर घर में पूजन ओर स्थापना की गई, ओर समाचार लिखे जाने तक नगर में हर चौक चौराहों मंदिरों देवालयों मुहल्लो में भगवान श्री गणेश जी की स्थापना चल रही है, वही देर शाम तक बाजार में श्री गणेश जी की प्रतिमा लेने का दौर चलता रहा ओर फिर छोटी हो या बड़ी भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा सुंदर लगती हैं।

**विरोध प्रदर्शन** | **महिलाओं पर कथित टिप्पणी से आक्रोशित है महिलायें।**

# महिलाओं ने फूंका जीते पटवारी पुतला

*** भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



बुधवार को जिला मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में महिला मोर्चा एवं भाजपा नगर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिला विरोधी घटिया बयान के खिलाफ प्रदर्शन किया। महिला मोर्चा ने भाजपा जिला कार्यालय से विशाल रैली निकालकर नेहरू स्मारक तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी एवं कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नेहरू स्मारक पहुंचकर आक्रोशित महिलाओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा ने कहा कि मध्यप्रदेश की महिलाओं को शराबी बताकर जीतू पटवारी ने न सिर्फ मातृशक्ति का अपमान किया है, बल्कि प्रदेश की संस्कृति और संस्कारों का भी घोर अपमान किया है। कांग्रेस नेताओं की ऐसी सोच से उनकी वास्तविक मानसिकता उजागर होती है। महिला मोर्चा ने मांग की है कि जीतू पटवारी तुरंत प्रदेश की सभी महिलाओं से सार्वजनिक मंच पर माफी माँगे, अन्यथा भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशभर में उनका कड़ा विरोध जारी रखेगी। महिला मोर्चा ने कांग्रेस को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही माफी नहीं माँगी जाती तो आने वाले समय में आंदोलन और उग्र होगा।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री शशि पटेल ने कहा कि इस देश की संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है और कांग्रेस नेता महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस को यदि थोड़ी भी शर्म है तो तुरंत अपने प्रदेश अध्यक्ष से इस्तीफा दिलाए और महिलाओं से माफी मंगवाए। विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ता अनीता तिवारी, उमा यादव, प्रिया धुर्वे, बबीता अधिकारी, अंजली मिश्रा, प्रतिका चौरसिया, विनीता दुबे, सरिता महान, कमला टांडिया, कल्पना बरमैया,अंकिता दुबे, तरला कछवाहा, प्रतिभा साहू, अनीता चौधरी, संध्या यादव, मीनाक्षी यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम महिलाएँ शामिल हुईं। पूरे प्रदर्शन के दौरान महिलाओं में भारी आक्रोश और एकजुटता देखने को मिली।

इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर मंडल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत वरिष्ठ कार्यकर्ता विनय मिश्रा, थामन बरमैया,, रितेश राय, दिनेश चौधरी, अनुराग चौरसिया, सुधीर मिश्रा, सुशील मिश्रा,अंशुमाली शुक्ला, अभिषेक राय,आनंद जैन,विनय तिवारी, आकाश क्षत्री, जहूर मोहम्मद, रानू ठाकुर, आशीष झारिया, अजीत सिंहानी, मंगलेश चक्रवर्ती,चंद्रशेखर निखारे, सावन चौरसिया, सावन नीखर, विकास यादव, अमित मिश्रा,हबीब गौरी,वेदप्रकाश दुबे, हरिशंकर नामदेव, टेकचंद्र पंद्रो,शेरसिंह, दशरथ सैयाम, ओमकार रजक, अभिनव सिहारे, प्रवीण मिश्रा, अशोक भांवरे, संतोष कछवाहा, हिदायत गौरी, अतुल जैन,नागेंद्र दीक्षित, यशवल तिवारी, नरेश सिंधिया, पंकज दुबे, कतकू लाल भलावी, प्रमोद यादव सहित भाजपा के नगर एवं ग्रामीण मण्डल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निवास में नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/निवास



गणेश चतुर्थी के अवकाश के दिन निवास मुख्यालय के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडला सांसद ने सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं सहित अपने संसदीय क्षेत्र में कराये गये कार्यों व अन्य विकास कार्यों के भूमिपूजन की जानकारी देते हुये कहा कि निवास प्राचीन तहसील है, जिसे जिला बनाये जाने की मांग कई दशकों से की जा रही है।

साथ ही बांधवगढ़ से कान्हा होकर रायपुर तक बनने वाले कॉरिडोर से निवास नगर से जोड़े जाने पर भी चर्चा करूंगा ताकि निवास क्षेत्र का भी समुचित विकास हो और लोगों को सरल आवागमन की सुविधा मिल सके।

उक्त कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े ने विकास कार्यों में सांसद व सरकार का साथ देने कहते हुए कहा कि दलगत राजनीति से उठकर हमारी प्राथमिकता में क्षेत्र विकास हो, विधायक ने कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय पंचायतों से ही शिक्षकों की भर्ती हो जाती थी, लेकिन आज सरकार जिन अतिथि शिक्षकों के भरोसे स्कूलों में अध्यापन का कार्य करा रही है, उनको रेगुलर नहीं कर पा रही जिससे देश में शासकीय शिक्षा व्यवस्था बेपटरी हो गई है।



उक्त मंच से जनपद अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदि भाजपा नेताओं ने अपनी बात लोगों तक पहुँचाई एवं सांसद विधायक ने छात्र छात्राओं को साईकिल प्रदान कर उनके शैक्षणिक भविष्य की उज्वल कामना प्रेषित की।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक संपन्न, दिए दिशा निर्देश

**विजयराघवगढ़।** गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी को लेकर विजयराघवगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश पांडालों के संबंध में जानकारी लेने के साथ गणेशोत्सव समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पंडालों और गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान फूहड़ गाने न बजाने की हिदायत भी थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा द्वारा दी गई। पंडालों में विद्युत व्यवस्था के लिए टीसी कनेक्शन लेने, विद्युत पोल से दूर रहने और सावधानियां बरतने की बात पर भी जोर दिया गया। थाना प्रभारी ने गणेशोत्सव पर्व और ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांति और सौहार्द्र पूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। उन्होंने उपस्थितजनों से पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव भी मांगे और विचार विमर्श किया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष हरिओम बर्मन, शिक्षक हरीश दुबे, बलरामदास गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा, अधिवक्ता मंजुलता बर्मन, पार्षद रमाकांत तिवारी, साहबलाल चौधरी, बंजारी सरपंच पति अल्ताफ छोटे भाई, लाइन मैन सहित गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व पुलिस स्टॉफ की उपस्थिति थी।

### महाविद्यालय मार्ग को कराया गया दुरूस्त

**विजयराघवगढ़।** मुख्य मार्ग से विजयराघवगढ़ स्थित शासकीय महाविद्यालय तक की डगर छात्र छात्राओं के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही थी। लंबे समय से कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी आवागमन की समस्या से जूझ रहे थे। खास तौर कर बरसात के इन दिनों में कीचड़ और गड्ढों के कारण कॉलेज तक का सफर मुश्किल हो रहा था। छात्र छात्राओं की इस समस्या के बारे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विधायक संजय पाठक को अवगत कराया गया था। विधायक के निर्देश पर महाविद्यालय पहुंच मार्ग में गिट्टी, चूरी आदि डलवा कर जेसीबी के माध्यम से रोड का समतलीकरण कराया गया। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें कॉलेज तक आने जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कॉलेज के छात्र छात्राओं ने विधायक का आभार जताया है।

### नव पदस्थ अपर कलेक्टर ने पदभार संभाला

**कटनी।** नवागत अपर कलेटर नीलांबर मिश्र ने अपर कलेटर पद का पदभार ग्रहण किया। श्री मिश्र पन्ना जिले से समान पद पर स्थानांतरित होकर कटनी आए हैं। श्री मिश्र राज्य प्रशासनिक सेवा के 2012 बैच के अधिकारी हैं। इसके पहले राज्य शासन ने श्री मिश्र का स्थानांतरण अनूपपुर जिले के लिए किया था और अनूपपुर के संयुक्त कलेटर दिलीप कुमार पाण्डेय को पदोन्नत कर कटनी में अपर कलेटर पदस्थ किया था लेकिन राज्य शासन ने पूर्व में जारी इस आदेश में संशोधन कर दिया, जिससे श्री मिश्र पन्ना से स्थानांतरित होकर कटनी के अपर कलेटर के पद पर अपना दायित्व ग्रहण किया है।

### पुरैनी से ट्रक लेकर चंपत हुए अज्ञात चोर

**कटनी।** शहर में चोरी की घटनाओं पर रोक लगते नहीं दिखाई दे रही है। दोपहिया वाहनों की चोरी के साथ साथ अब चोर भारी भरकम ट्रक पर हाथ साफ करने से भी नहीं पीछे हट रहे। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया जाता है कि पुरैनी स्थित दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले नरेश प्रसाद गुप्ता के घर के पास खड़ा ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 0902 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

## शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण/स्थानांतरण निरस्त होने से शिक्षा व्यवस्था बेहाल

# स्थानांतरण यथावत रखने जनसुनवाई में पहुंचे पालक, कलेक्टर से लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिले में जिला प्रशासन द्वारा बदहाल शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने युक्तियुक्तकरण, संलग्नीकरण और प्रशासनिक दृष्टि शिक्षक विहीन विद्यालयों में लंबे समय बाद शिक्षकों की पदस्थापना की गई थी, लेकिन शिक्षा व्यवस्था में कसावट की यह प्रक्रिया भी स्वार्थ की राजनीति की भेंट चढ़ गई, राज्य शासन द्वारा जारी एक आदेश के चलते एक झटके में 103 विद्यालय शिक्षक विहीन हो गए वही 396 विद्यालय में अब सिर्फ एक ही शिक्षक पदस्थ हैं। इस तरह राजनीति और टकराव के चलते शिक्षण सत्र बर्बादी की भेंट चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा लगभग 3 माह के गहन मंथन के बाद स्थानांतरण आदेश जारी किए गए थे, किंतु मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा 21 अगस्त को आदेश जारी कर कलेक्टर, जनजातीय कार्य विभाग, जिला डिंडौरी द्वारा जारी आदेशों को निरस्त कर दिया गया है जिससे जिले की शिक्षा जगता में अफरा तफरी और अव्यवस्था चरम पर हैं। जनसुनवाई में कार्यालय कलेक्टर ,जनजातीय कार्य, विभाग ,जिला डिंडौरी के आदेश क्रमांक 478 दिनांक 17.06.2025 को यथावत रखने की मांग को लेकर कठौतिया शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत छात्र - छात्राओं के पालकगण जनसुनवाई में पहुंच कर स्थानांतरण यथावत रखने की गुहार लगाया है। आवेदन में उल्लेख है कि कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य) जिला डिंडौरी के आदेश क्रमांक 479 दिनांक 17.06.2025 में दिये आदेश में शा.उ. मा. वि. कठोतिया एवं शा.उ. मा. वि.सारसडोली में नियुक्त किये गये उच्च माध्यमिक शिक्षकों को यथावत रखा जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में शा. उ. मा. वि कठोतिया पदस्थ उच्च मा० शिक्षक चरणलाल मरावी (प्रभारी प्राचार्य) का प्रबंधन एवं कार्य करने की शैली निकृष्टतम थी। जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय में अराजकता का वातावरण निर्मित हो गया था। छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों को उचित मार्गदर्शन एवं नियंत्रण करने की क्षमता की पूरी कमी थी। ऐसी स्थिति में विद्यालय का शैक्षणिक स्तर एवं अनुशासन पूरी तरह से समाप्त हो गया था। जिसका खामियाजा ग्रामीणों और भोले-भाले छात्र/छात्राओं और अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। इनके कार्यकाल में छात्र/छात्राएँ विद्यालय समय में जंगल पहाड़ में एवं किक्कर कुण्ड जलप्रपात में जाकर अश्लील हरकतें करते पाये गये, जिनको विद्यालय के शिक्षकों एवं अधिकारियों और जनपद अध्यक्ष के द्वारा वापस विद्यालय लाया गया,यह कई बार हुआ लेकिन चरण मरावी प्रभारी प्राचार्य के द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया । स्थानांतरण उपरांत रामकुमार चंदौल उ.मा. शिक्षक (प्रभारी प्राचार्य) ने जब शा. उ.मा.वि. कठौतिया में अपना कार्यभार ग्रहण करने के एक सप्ताह के अंदर ही विद्यालय में अध्यनरत छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों में परिवर्तन साफ दिखाई देने लगा। सभी शिक्षक एवं छात्र/छात्राएँ समय पर विद्यालय आने लगे एवं पूरी तरह से अनुशासित रहकर अध्ययन करने लगे साथ ही विद्यालय में उत्पन्न अराजकता का वातावरण समाप्त होता नजर आ रहा है। जिससे छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों में खुशी का लहर दिखाई देने लगी है।लेकिन मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 6/1/1/0010/2025/ED-ESTB-CTD/E-71-7340 भोपाल दिनांक 21.08.2025 के तहत स्थानांतरण आदेश निरस्त होने से शा. उ.मा. वि. कठौतिया के छात्र/छात्राओं एवं अभिभावकों में निराशा का वातावरण निर्मित हो गया है, जिससे अभिभावक अपने छात्र/छात्राओं को लेकर एक बार पुनः चिंतित हो गये हैं। जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीण और पालकों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि शा.उ.मा.वि.कठोतिया में रामकुमार चंदौल उ.मा.शिक्षक (प्रभारी प्राचार्य) एवं शा.उ.मा. वि. सारसडोली के चरण मरावी उ. मा. शिक्षक (प्रभारी प्राचार्य) को यथावत रखने की मांग की है।



## गोरखपुर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

### ईद मिलादुन्नबी एवं गणेश विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** करंजिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गोरखपुर में आगामी त्योहारों ईद मिलादुन्नबी एवं गणेश विसर्जन को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु ग्राम पंचायत भवन गोरखपुर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गाड़ासरई थाना प्रभारी गिरवर सिंह ऊयके सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समुदाय के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।बैठक में थाना प्रभारी ने सभी से अपील की कि त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विसर्जन निर्धारित कुंड पर ही किया जाए। साथ ही, उन्होंने हिदायत दी कि शराब पीकर आने वालों को रैली या पंडाल में प्रवेश न दिया जाए तथा बच्चों को विसर्जन स्थल से दूर रखा जाए ताकि कोई दुर्घटना न हो। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने साप्ताहिक बाजार में ऑटो और हाथ ठेलों की वजह से हो रही आवाजाही की समस्या को उठाया। इस पर थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि बाजार में सुव्यवस्थित स्थान चिन्हित कर व्यवस्था की जाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित अश्वनी शर्मा ने ग्राम के गणेश पंडाल और चौराहों पर स्टॉपर लगाए जाने की मांग रखते हुए कहा कि इससे बेलगाम वाहनों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।बैठक में ग्राम सरपंच रामेश्वरी मार्को, वरिष्ठ नागरिक अश्वनी शर्मा, एएसई साहू, प्रधान आरक्षक शिव पुशाम, ग्राम पंच पंकज प्यासी, मुस्लिम समाज के सदर तौहीद कुरैशी, रशीद कुरैशी, शोएब कुरैशी, अन्नू वर्मे, शालिनी मरावी, मनी शर्मा, इस्तियाक खान, रज्जाक शम्सी, सत्तू मरावी, विकास यादव, कोटवार शिवलाल, अंकित पाटनकर, नंदू, शिव चरण सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।बैठक सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई तथा सभी ने मिलकर त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया।

## पुलिस चौकी अमरपुर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**अमरपुर।** त्यौहार एवं धार्मिक आयोजनों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एस.डी.ओ.पी. बजाग, थाना प्रभारी समनापुर एच एस तिवारी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी अमरपुर अतुल हरदहा द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित नियमों को बताते हुए पालन करने की अपील की गई। साथ ही गणेश उत्सव के बीच ईद मिलादुन्नबी त्यौहार पर भी चर्चा करते हुए सभी से सदृभाव पूर्ण अपने-अपने त्यौहार शांति एवं उत्साह पूर्वक मनाने कहा गया। लाउडस्पीकर, डीजे कम आवाज में बजाया जाये ताकि किसी को आपत्ति ना हो। सभी पंडालों में पुलिस बल भ्रमण करते रहेंगे। जिस अव्यवस्था ना होने पाये। आयोजित शांति समिति की बैठक में प्रमुख रूप से महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर, आकाश नामदेव भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरपुर, युसूफ खान, अनवर खान, गुलाब सिंह ठाकुर, माखन साहू, रामकुमार, सहाब लाल पुषाम, बलराम राजपूत, मनोज तंतुवाय, शुभांशु चंद्रौल, ऋषि रजक के अलावा देवरी, बिलासर, चौरा आदि ग्रामों से नागरिकगणों के साथ पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।




## सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर की अखंड सौभाग्य की कामना

**हरिभूमि न्यूज़ अनूपपुर/राजनगर।** जिला मुख्यालय समेत नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र व आसपास के क्षेत्र रामनगर, डोला, पौराधार, आमाडांड, बरतराई, में महिलाओं ने मंगलवार को हरितालिका तीज का पर्व हर्षोल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। इससे पहले सोमवार को महिलाओं ने देर रात तक अपने परिवार के साथ ही इष्ट मित्रों के घर भोजन किया, भोजन में विभिन्न व्यंजनों के साथ करेला की सब्जी भी खाया। निर्जला व्रत रखने हेतु तीज पर्व में करेला खाना जरूरी होता है। सुबह से महिलाएं स्नान के पश्चात सोलह श्रृंगार कर पूरी तैयारी कर भगवान पातालेश्वर कल्प केदारनाथ के मंदिर में विधि-विधान पूर्वक श्रद्धा के साथ पूजन-अर्चना करती रहीं। व्रतियों ने भोलेनाथ की पूजा करने के बाद मां पार्वती जी के चरणों में मत्था टेका एवं पूजन-अर्चना कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। मान्यता है कि, हरितालिका के दिन ही मां पार्वती ने शिवजी को पति के रूप में साक्षात प्राप्त किया था। ठीक उसी मुद्रा में अंजली बद्ध, पद्मासन में आंखें बंद किए हुए मां पार्वती जी के सोलहों श्रृंगार कर भगवान पातालेश्वर के ध्यान में तपस्यारत हैं। भगवान भोलेनाथ उनकी कठिन तपस्या से खुश होकर पातालेश्वर कल्प केदारनाथ के रूप में उन्हें साक्षात दर्शन देते हैं एवं उनकी मनोकामना की पूर्ति करते हैं। राजनगर क्षेत्र में तीजा का व्रत कुंवारी, विवाहित एवं सभी महिलाएं निर्जला रही एवं रात में भजन कीर्तन करते हुए जागरण किया। सुबह स्नान कर अपना व्रत का सिंघाड़ा, तीखूर फल फूल आदि के साथ करती हैं। फिर एक दूसरे के घर जाकर तीजा की बधाई देने का सिलसिला दिन भर चला। इसी क्रम में ठेकुआ, सलोनी, गुझिया जैसे खाद्य सामग्री घर आए। तीजहारिनो को देने की परंपरा बहुत पुरानी है। इसके साथ सुहाग का सामान, कपड़ा वस्त्रादि उपहार में दिए जाते हैं। इन्हीं परंपराओं को निभाने एवं तीजा पर्व को खास बनाने के लिये कई महिलाएं राजनगर में अपने मायके भी आकर इस स्पर्म को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया।

## औपचारिकता निभाकर संपन्न हुआ चौथा ईएमआरएस राज स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

### स्थानीय मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधियों की हुई उपेक्षा






### आयोजक आदिवासी विकास के अधिकारी भी समापन के दिन थे लापता

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चतुर्थ ईएमआरएस राज स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन का 27 अगस्त को समापन किया गया जिसमे कोरम पूर्ति कर लिया गया जबकि इस जिले से मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री भी हैं, उन्हे भी तरजीह नही दी गई। बिना विधायक, जनप्रतिनिधि और स्वयं सहायक आयुक्त की अनुपस्थिति मे प्रतियोगिता का निपटारा कर दिया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि विभाग व जिला प्रशासन राज स्तरीय प्रतियोगिता को भी मुंहदेखी के तहत निपटाने मे आमादा रहा जबकि क्षेत्रीय विधायक अपने गृह निवास मे ही मौजूद रहे वही अन्य जनप्रतिनिधियां को भी न तो इतने बड़े प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया और न ही कार्यक्रम मे सहभागिता के लिए उन तक किसी प्रकार से संदेश पहुंचाया गया। यहां तक कि स्थानीय मीडिया को भी नही बुलाया गया। कुल मिलाकर ऐसे आयोजन को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ाते हुये समापन कर दिया गया।

समापन के दौरान मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडे ने कहा कि जिले एवं प्रदेश के खिलाड़ी हमारा गौरव है। प्रदेश के खिलाड़ी न केवल खेल मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि वे राज्य का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन कर रहे हैं। खेल अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो युवाओं को सही दिशा प्रदान करता है। खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ प्रदेश की पहचान को मजबूत करती हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। अपर कलेक्टर श्री पांडेय अनूपपुर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित चतुर्थ ईएमआरएस राज स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### झाबुआ एवं शहडोल की टीम रही विजेता

चौथे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल, इंदौर, जबलपुर व शहडोल जोन के अंतर्गत 20 टीम हिस्सा ले रही हैं, जिनमें बालक वर्ग में 12 टीमे तथा बालिका वर्ग में 8 टीमे शामिल हैं। जिसमें बालक वर्ग में अनूपपुर एवं झाबुआ के बीच मुकाबले में झाबुआ 1-0 विजेता रहा तथा अनूपपुर उपविजेता रही तथा बालिका वर्ग में मंडला तथा शहडोल के बीच मुकाबले में शहडोल 4-0 से विजयी रहा तथा मंडला उपविजेता रहा।

### अपर कलेक्टर ने वितरित किया स्मृति चिन्ह

अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय विजेता एवं उपविजेता टीम को स्मृति चिन्ह भेंट किया था। उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर तहसीलदार ईश्वर प्रधान, कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य फूल सिंह पट्टावी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य, अजय जैन एकलब्य के प्राचार्य क्रीड़ा प्रभारी मो. खलील कुरैशी, पीटीआई उपेंद्र मिश्रा, शिक्षक हर्षद बंसोड़, सुश्री स्तुति पाण्डेय सहित शिक्षक/शिक्षिका तथा प्रतिभागी विद्यार्थी तथा मार्गदर्शी शिक्षक, खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## करनपठार पुलिस के द्वारा दस्तयाब कर परिजन को सुपुर्द किया



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग पुष्पराजगढ के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत निरी. वीरेन्द्र वरकडे थाना प्रभारी करनपठार के नेतृत्व में हमराह स्टाफ उपनिरीक्षक लियाकत अली, सहायक उपनिरीक्षक मुनीन्द्र् गवले, आरक्षक विनोद कुमार, महिला आरक्षक प्रिया चौरे थाना करनपठार के द्वारा थाना करनपठार में दर्ज अपराध क्र. 243/2025 धारा 137(2) बीएनएस की अपह्ता परिवर्तित नाम मीना पिता चिन्तामणि सिंह उम्र 15 वर्ष निवासी थाना करनपठार को घटना दिनांक से मामले की विवेचना निरंतर जारी रखते हुये हायर सेकेन्ड्री स्कूल बेलडोंगरी से दस्तयाब किया गया है। अपहर्ता के माननीय न्यायलय के समक्ष धारा 183 बी. एन. एस. एस. का कथन कराने पश्चात परिजनो को सुपुर्द किया गया।

## खबर संक्षेप

### रोड ना होने से कॉलोनी के वाशिंदे परेशान

**गोटेगांव।** नगर स्थित रेवा नगर कॉलोनी के वाशिंदे रोड की दयनीय स्थिति के कारण हलकान परेशान है यहां से गुजरने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं सहित यहां पर निवास कर रहे वाशिंदों का कहना है यहां पर पानी निकासी नहीं होने के कारण हम सभी को यहां पर बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लगातार यहां पर पानी भर जाने के कारण जीव जंतु सांप का खतरा बना रहता है कॉलोनी वासियों ने बताया कि कॉलोनी ऑर्गेनाइजर ने कॉलोनी तो बना दी लेकिन रोड नहीं बनाई जबकि इस कॉलोनी में सभी ऑफिशियल वर्ग सरकारी कर्मचारी लोग निवास करते हैं और सबसे बड़ी विडंबना यहां पर यह है कि स्कूली बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और ना ही हम सभी अपनी रोजमर्रा की चीजों के लिए मार्केट पहुंच पा रहे हैं एवं रोजाना छिटपुट चोटिल घटनाएं भी हो रही है नगरीय प्रशासन इस और ध्यान आकर्षित कर कॉलोनाइजर पर जो वैधानिक कार्रवाई हो वह की जाए साथ ही इस समस्या से जो हम जूझ रहे हैं इसका समाधान जल्द से जल्द किया जाए !

### जिला कांग्रेस कमेटी ज्ञापन देगी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आज 28 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर के नेतृत्व में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने की माँग को लेकर दोपहर 1 बजे नरसिंहपुर कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। जिसमें पूर्व विधायकगण ,सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिला, ब्लाक, मंडलम, सेक्टर, सेवादल, किसान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, आईटी सेल, छै..न.प. अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यक समेत बूथ स्तर के सभी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेस के साथियों से उपस्थित होने की अपील है। ज्ञापन के पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय स्थानीय मुशरान भवन में गणेश पूजन कर कार्यालय की शुरुआत की जाएगी जहां से समस्त कांग्रेस जन एकत्रित होकर ज्ञापन देने हेतु जिला कलेक्टर कार्यालय पहुँचेगे।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** थाना स्टेशन गंज पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपी नंदू पिता राधे चैधरी (उम्र 30 वर्ष) अभिषेक पिता देवी सिंह गोंड (उम्र 24 वर्ष) दोनों निवासीरू धवंई बड़गुआ को गिरफ्तार किया है। आरोपी गण मोटरसाइकिल से 60 लीटर महुआ शराब परिवहन करते हुए पकड़े गए। पुलिस टीम ने मौके से मोटरसाइकिल एवं शराब जब्त की। इसके अलावा कार्रवाई में 100 लीटर लाहन नष्ट किया गया।

### परमिट, फिटनेस व बीमा नहीं पाए जाने पर एक बस जब्त



**नरसिंहपुर।** परिवहन विभाग व उनकी टीम द्वारा लगतार जिले में बसों, दो पहिया वाहनों आदि की चैकिंग कर नियम विरूद्ध वाहन चलाते पाए जाने पर जुर्माना और जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया व उनकी टीम ने करेली- गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा मार्ग में ओवरलोड व नियम विरूद्ध संचालित बसों की चैकिंग की। चैकिंग के दौरान एक बस क्रमांक एमपी 28 पी 0206 परमिट, फिटनेस व बीमा नहीं पाए जाने पर जब्ती कर कार्यवाही की गई। चैकिंग के दौरान दो वाहनों से 6 हजार रुपये की चालान राशि वसूली गई। उन्होंने बताया कि जिले में यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### जनसुनवाई में आये 104 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने कलेक्टर को अपनी समस्याएं बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनसुनवाई की लंबित शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निराकरण कर पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 104 आवेदन आये।

## भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है कांग्रेस अपमान-जालम सिंह पटेल

# कांग्रेस की संस्कृति हमेशा महिला विरोधी

### लाड़ली बहनों पर विवादित बयान देने पर जीतू पटवारी का किया पुतला दहन

### प्रदेश की बहनों पर अपनी कुंठा निकाल रहे हैं जीतू पटवारी-श्रीमति निशा सोनी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन एवं महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के विवादित बयान के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए स्थानीय सुभाष पार्क चैराहे पर जीतू पटवारी का पुतला दहन किया गया इस दौरान उनके द्वारा दिए गए महिला विरोधी वक्तव्य के खिलाफ गुस्सा प्रकट करते हुए नारेबाजी की गई व उनसे माफी मांगने की मांग की गई।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति निशा सोनी ने कहा कि जब देश और प्रदेश में हरतालिका तीज का पर्व मनाया जा रहा था तब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महिला विरोधी बयान देकर उन बहनों को नीचा दिखाकर आक्रोशित किया है। आज के दिन तो महिलाएं पानी भी नहीं पीतीं और जीतू पटवारी कह रहे हैं कि वो सबसे ज्यादा शराब पीतीं हैं। यह हमारे पूरे प्रदेश की बहन-बेटियों का अपमान है। कांग्रेस नेता प्रदेश में लगातार हार का सामना कर रहे हैं, इसलिए बौखलाहट में गलत बयानबाजी करके सुर्खियां में बने रहना चाहते हैं। जीतू पटवारी हीनभावना से ग्रसित हैं और उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा है। यह सिर्फ बहनों का नहीं, उनकी पहचान, संस्कार और पूरी परिवार व्यवस्था का अपमान है और पूरा प्रदेश अपमानित महसूस कर रहा है।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि जीतू पटवारी का बयान बहुत ही शर्मनाक है। जब हरतालिका तीज पर बहने निर्जला उपवास करती हैं, ऐसे समय में इस तरह का बयान देना प्रदेश की बहनों का अपमान है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करती है और उनके सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है, वहीं कांग्रेस उनका लगातार अपमान कर रही है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यक्रम कन्यापूजन से शुरू होते रहे हैं। जबकि कांग्रेस में महिलाओं को कभी तंदूर में जलाया जाता है, तो कभी आत्महत्या करने पर विवश कर दिया जाता है।

नरसिंहपुर नगरपालिका अध्यक्ष पं. नीरज महाराज ने कहा कि कांग्रेस और उसके अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक बार फिर अपना चाल, चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। कांग्रेस की संस्कृति हमेशा से महिलाओं का अपमान करने की रही है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी स्वयं महिला हैं, क्या जीतू पटवारी के बयान से वह सहमत हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जब तक महिलाओं से माफी नहीं मांगेंगे, उन्हें प्रदेश की बहनें कभी माफ नहीं करेंगी। मध्यप्रदेश की बहने अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगी और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को सबक सिखाने के लिए तैयार रहेगी। जीतू पटवारी अपने दिए हुए बयान के लिए तत्काल मांफी मांगे।

## अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई -एसपी

# नवागत एसपी डॉ. ऋषिकेश मीना हुए पत्रकारों से रूबरू'

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश मीणा ने पुलिस कंट्रोल रूम में पत्रकारों से सवालों के जवाब देते हुए कहा कि यह कहना सही है कि कार्रवाई होने के साथ दिखाना भी चाहिए। आम आदमी के साथ जैसी कार्रवाई होगी वैसे ही प्रभावशाली व्यक्ति के साथ होगी । कानून के दायरे में सब हैं। अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। मादक पदार्थनशे के कारोबारी, जुआ सट्टा और अवैध शराब करने वालों को बक्शा नही जाएगा। आपने बताया कि इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। पत्रकारों के साथ समाज के हर वर्ग से संवाद किया जाएगा। सही सटीक सूचना पर तत्काल कार्रवाई होगी। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर मीणा ने बताया कि वे अभी तक खंडवा, ग्वालियर, इंदौर जैसे क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। हर क्षेत्र की स्थितियां परिस्थितियों अलग-अलग होती हैं नरसिंहपुर जिले की स्थिति अनुसार कार्य किया जाएगा। पूरी कोशिश होगी कि शिकायतकर्ता पीड़ति व्यक्ति को न्याय मिले। इस दौरान आपने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कई सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, आर आई मनोरमा पटेल आदि अधिकारी मौजूद थे।

# वन कर्मचारी संघ ने एडिशनल एसपी को सौंपा ज्ञापन

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** वनमंडल नरसिंहपुर परिक्षेत्र में पदस्थ वनपाल रामेश्वर किरार पर प्राणघातक हमला करने वाले हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आज मध्यप्रदेश वन कर्मचारी संघ नरसिंहपुर कलेक्ट्रेट पहुचें जहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। बड़ी संख्या में पहुँचे वन कर्मचारी अधिकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान उठाए आगे चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस अगर लापरवाह रहेगी तो यह चिंगारी आग बनेगी वन कर्मचारियों का आरोप है कि समय रहते पुलिस अगर सख्त कार्यवाही करती तो आज वन कर्मचारी के हमलावर सलाखों के भीतर होते उक्त हमलावरों ने वनकर्मी पर प्राण घातक हमला किया था जिसमें वनकर्मी के हाथ में गंभीर चोटें आई।

# जिले में 10 लाख से अधिक नागरिकों की हुई ई- केवायसी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा समय सीमा की बैठकों में संबंधित अधिकारियों को जिले में शतप्रतिशत समग्र ई- केवायसी पूर्ण कराने के निर्देशित किया जाता है। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में नगरीय निकाय व ग्राम पंचायतों द्वारा जिले में ई- केवायसी का कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से घर- घर जाकर सम्पर्क कर ई- केवायसी का कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक 10 लाख 25 हजार 933 नागरिकों की ई- केवायसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वहीं शेष 2 लाख 22 हजार 350 लोगों की ई- केवायसी का कार्य किया जा रहा है। अब तक 82.18 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिले में ई- केवायसी का कार्य लगातार जारी है।

## छात्र-छात्राओं ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण किया





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर का भ्रमण किया। पॉलिटेक्निक कॉलेज की व्याख्याता कविता मैडम एवं पगारे सर ने छात्र-छात्राओं को कॉलेज में चल रहे विभिन्न टेक्नोलॉजी कोर्सेज की जानकारी देकर और उसकी भविष्य की उपयोगिता को विस्तार से समझाया। इस दौरान कंप्यूटर साइंस की विभिन्न शाखाओं और कार्य शैली को मशीनों द्वारा कंट्रोल करना बताया। तथा भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र नरसिंहपुर का भ्रमण किया ।कृषि विकास केंद्र के डॉक्टर सूर्यवंशी श्री मेश्राम ने उन्नत कृषि उन्नत बीजों मिट्टी की गुणवत्ता कीटनाशक के प्रकारों एवं खाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का निवारण करते हुए कृषि के क्षेत्र में उन्नत भविष्य एवं प्रगतिशील कृषि प्रक्षेत्र को अपनाने का मार्ग बताया ।

# प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह ने वेतन न मिलने के चलते सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ नरसिंहपुर की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर वेतन राशि नाम मिलने के चलते कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि चार माह से मध्यान्ह भोजन की राशि और तीन माह से सांझा चूल्हा की राशि नहीं मिली है, जिससे हमारे सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। मजबूरन हमें किचन बंद करना पड़ रहा है और हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी समस्याओं का समाधान किया जाए और राशि जल्द से जल्द जारी की जाए।

## एन एच आई ने जनसुविधाओं का नहीं रखा ध्यान, राजमार्ग पर नहीं है सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा



**तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां सड़क मार्गों को बेहतर बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। एक्सप्रेस हाइवे भी सुलभ यात्रा और जन सुविधाओं को लेकर बनाये जा रहें हैं।साथ ही संपूर्ण भारत वर्ष में स्वच्छता अभियान के तहत जहां तहां सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा घरों की व्यवस्थायें मुहैया कराई जा रही है। वहीं दूसरी तरफ भारत वर्ष के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 झांसी नागपुर और राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर जयपुर को जोड़ने वाले सड़क मार्ग राजमार्ग चौराहे पर सुलभ काम्प्लेक्स की सुविधा ना होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के समय निर्धारित मापदंडों के आधार पर भूमी तो अधिकृत कर ली गई है लेकिन जन सुविधाओं का ध्यान नहीं रखा है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।इस राजमार्ग चौराहे पर प्रतिदिन हजारों वाहन निकलते हैं। और सागर नरसिंहपुर जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग से आने वाली विभिन्न यात्री वाहनों के यात्रियों को बस स्टैंड पर बसों के रुकने पर लघु संका हेतु यहां वहां भटकना पड़ता है।दिन के समय चौराहा पर दुकानें खुल जाने वाहनों की आवाजाही के बीच लघु संका नहीं कर पाते हैं। यहां पर एक सर्व सुविधायुक्त सुलभ काम्प्लेक्स की नितांत आवश्यकता है।

**पानी के लिए केवल एक मात्र हेडपंप** - यह राजमार्ग चौराहा लोलरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। और पूर्व में यहां पर एक हेडपंप लगाया गया था जिसका उपयोग यहां के दिहाड़ी दुकानदारों के साथ यात्रियों और साप्ताहिक बाजार में आने वाले दुकानदार किया करतें हैं। यदि एन एच आई के अधिकारियों द्वारा ध्यान दे दिया जाये तो इस स्थान पर एक सुंदर व्यवस्थित प्रसाधन घर और इस हेडपंप में विद्युत मोटर बालक डालकर ऊपर टंकी रखकर पेयजल व्यवस्था भी सुलभ कराई जा सकती है। स्थानीय लोगों दुकान दारों का कहना है कि यह सुविधा पूर्व में राजमार्ग चौराहे पर स्थित थाना परिसर में बनीं हुई थी लेकिन अब उसमें ताला लगा हुआ है।थाना भी सुआतला स्थानांतरित हो गया है इसलिए सुविधा भी बंद हो गई है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही भी लगातार लगी रहती है। स्वच्छता अभियान को दृष्टिगत रखते हुए राजमार्ग चौराहे पर सुलभ काम्प्लेक्स सुविधा शीघ्र बनाये जाने की मांग स्थानीय लोगों ने की है।

**पसरता जा रहा दिनों दिन अतिक्रमण** - राजमार्ग चौराहे पर आये दिन बाहन दुर्घटनायें बढ़ती चली जा रही है।भारी बड़े वाहनों को कंटेनरों को काटने मोड़ने में बड़ी परेशानी हुआ करती है। मुख्य सड़क मार्गो पर अतिक्रमण भी पसरता चला जा रहा है। पिछले दिनों में लगातार हुई घटनाओं दुर्घटनाओं से अभी तक सबक नहीं नहीं लिया है।

# कलचुरी समाज महिला मंडल की कार्यकारिणी घोषित



**गोटेगांव।** विगतदिवस शंकराचार्य कॉलोनी स्थित मनीषा रघुनाथ राय के निवास स्थान पर बैठक भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा आरती और गणेश वंदना के साथ शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कार्यकारिणी घोषित की गई । इस अवसर पर कलचुरी समाज की चयनित पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। ऐसे आयोजनों से समाज में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिलता है। कलचुरी समाज महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी के गठन से समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के कार्यों में नई ऊर्जा और गति मिलने की उम्मीद है।

**नवनिर्वाचित पदाधिकारी:** मनीषा रघुनाथ राय को अध्यक्ष पद पर चुना गया, शिल्पा राय एवं सुरंजना चौकसे को उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों में ऋतु अमित राय मंजू राय को महामंत्री एवं प्रियंका निलेश राय सरोज राय सचिव, रेखा राय संध्या राय कोषाध्यक्ष पद पर चयन किया गया। संगठन की भूमिका कलचुरी महिला मंडल समाज में महिलाओं के उत्थान और सेवा कार्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महिला मंडल में सीमा चौकसे सुनीता चौकसे ऋतुराय राय अर्चना चौकसे शारदा चौकसे अंजू चौकसे शशि प्रभा चौकसे रजनीराय पार्षद सुमन राय मुन्नी राय प्रियंका धर्मेंद्र चौकसे स्वाति राय शोभा चौकसे प्रिया अंशुल राय कलचुरी महिला मंडल समाज में महिलाओं के उत्थान और सेवा कार्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संगठन की गतिविधियों से महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलती है। महिला सशक्तिकरण कलचुरी महिला मंडल महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए काम करता है। कलचुरी महिला मंडल महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे वे समाज में अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकें।

# निर्जला व्रत कर सुहागिनों ने लिया आशीर्वाद



**गोटेगांव।** हरतालिका तीज पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग परिसर स्थित शिव मंदिर में सुहागिन महिलाओं एवं कुंवारी लड़कियों ने बड़े ही उत्साह के साथ श्रद्धा पूर्वक भक्ति भाव से निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव माता पार्वती की पूर्ण विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने भगवान शिव पार्वती माता से प्रार्थना की, सुहागिन श्रीमती जिया कृपलानी बताती है कि आज के दिन मां पार्वती मैया ने भगवान भोले बाबा के लिए यह व्रत निर्जला रखकर पूजन अर्चन किया था, इसीलिए हम सभी सुहागन महिलाओं ने अपने दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि के साथ-साथ हर मनोकामनाएं पूर्ण हो इसलिए यह व्रत हम सभी महिलाओं द्वारा किया जाता है वहीं उपस्थित श्रीमती मीना खर्चे ने बताया आज हरतालिका तीज व्रत के दिन जो कुंवारी लड़कियां इस व्रत को पूर्ण विधिविधान से व्रत करती है उन्हें भगवान भोले बाबा और पार्वती मैया उन्हें मनचाहा वर प्रधान करते हैं और जो शादीशुदा महिलाएं व्रत रखती हैं वह अपने पति की दीर्घायु के लिए और साथ ही घर में सुख समृद्धि बनी रहे इस व्रत को करके माता पार्वती और भोले बाबा का आशीर्वाद लेते हैं जैसा की माता पार्वती ने शिव बाबा के लिए यह व्रत रखा था ऐसे ही हर सुहागन महिलाएं और कुंवारी लड़कियां हरतालिका तीज व्रत को करती है इस व्रत को करने से भगवान भोले बाबा और माता पार्वती मैया हर मनोकामना पूर्ण करती हैं इस अवसर पर श्रीमती राधाबाई ठाकुर श्रीमती ज्योति ठाकुर श्रीमती रोशनी ठाकुर कुमारी नंदिनी ठाकुर श्रीमती अदिति साहू कुमारी वर्षा सहित अन्य मातृशक्ति एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति सराहनीय रही